शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

Telephone No. 07782-229037, 229630 Website : www.smkvbastar.ac.in

क्रमांक/ 128 /अका./चतुर्थ दीक्षांत/2024 जगदलपुर, दिनांक 22/02/2024

सूचना

चतुर्थ दीक्षांत समारोहः 05 मार्च 2024

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की अधिसूचना क्रमांक /104/अका./चतुर्थ दीक्षांत/2024 जगदलपुर, दिनांक 17/02/2024 अनुसार विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के अध्यक्षता में 05 मार्च 2024, दिन–मंगलवार समय प्रातः 11:30 बजे से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा।

शैक्षणिक सत्र 2021–22 एवं 2022–23 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को उपाधि, स्वर्ण पदक एवं मेरिट प्रमाण–पत्र तथा पी–एच.डी. उपाधि प्राप्त करने हेतु योग्य पाये गये शोधार्थी को पी–एच.डी. उपाधि प्रदान की जायेगी। सूची का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in पर किया जा सकता है।

1. **अनुज्ञा पत्र एवं परिचय पत्र हेतु आवेदन का प्रारूप –**

स्वर्ण पदक एवं पी–एच.डी उपाधि धारक छात्र/छात्राऐं निम्नानुसार आवदेन करेंगे :–

अभिलेख	उपलब्ध	अंतिम तिथि	आवेदन पत्र एवं डी.डी. जमा करने का स्थान
अनुज्ञा पत्र एवं परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन का प्रारूप	वेबसाइट www.smkvbastar.ac.in डाउनलोड कर प्रिन्ट कर भरें एवं आवश्यक अभिलेख संलग्न करें।	29.02.2024	अकादमिक विभाग
दीक्षांत शुल्क स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताः रू. 500 पी–एच.डी. डिग्री धारकः रू. 1000	डी.डी. के द्वारा अथवा प्रशासन भवन के काउंटर पर जमा करें।		

2. **वेशभूषा** : स्वर्ण पदक एवं पी–एच.डी. उपाधि धारकों के लिए वेशभूषा निम्नवत होगी :–

वर्ग	वेशभूषा	व्यवस्था/उपलब्धता
पुरूष	सफेद कुर्ता–पायजामा	स्वयं
	स्वर्ण पदक : पगड़ी, पीला दुपट्टा पी–एच.डी. : पगड़ी, लाल दुपट्टा	अकादमिक विभाग
महिला	कोसा रंग की प्लेन साड़ी	स्वयं
	स्वर्ण पदक : पगड़ी, पीला दुपट्टा पी–एच.डी. : पगड़ी, लाल दुपट्टा	अकादमिक विभाग

3. **दीक्षांत समारोह में प्रवेश–अनुमति :–**

स्वर्ण पदक एवं पी–एच.डी. उपाधि धारक छात्र/छात्राऐं प्रवेश अनुमति प्राप्त करने हेतु निम्न प्रक्रिया का पालन करें :–

पत्र	तिथि एवं समय	स्थान
अनुज्ञा–पत्र, परिचय पत्र, पगड़ी, दुपट्टा	03.03.2024 एवं 04.03.2024 कार्यालयीन समय पर	काउन्टर, प्रशासनिक भवन

4. **पूर्वाभ्यास (रिहर्सल)** :–

सभी संबंधित छात्र/छात्राएँ अनुज्ञा पत्र, परिचय पत्र के साथ पूर्वाभ्यास में दिनांक 04.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे निश्चित रूप से सम्मिलित होंगे। पूर्वाभ्यास में सभी संबंधित छात्र/छात्राओं की उपस्थिति भी ली जायेगी।

5. **दीक्षांत समारोह** :–

सभी छात्र/छात्राएँ अनुज्ञा पत्र, परिचय पत्र एवं निश्चित पोशाक में दिनांक 05.03.2024 को कार्यक्रम में निर्धारित समय प्रातः 11:00 बजे से दो घंटे पूर्व अर्थात प्रातः 9:00 बजे उपस्थित होंगे एवं स्थान ग्रहण करेंगे। दीक्षांत समारोह प्रारंभ होने के पश्चात् दीक्षांत प्रांगण में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 129 /अका./चतुर्थ दीक्षांत/2024 जगदलपुर, दिनांक 22/02/2024

प्रतिलिपि :–

01. कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर,
02. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर,
03. विश्वविद्यालय के समस्त विभागीय अधिकारी एवं अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष,
04. चीफ प्रॉक्टर/डी.एस.डब्ल्यू./जनसंपर्क अधिकारी/समस्त प्रभारी अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर,
05. समस्त अधिकारी/प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक (संविदा)/कर्मचारी/अतिथि व्याख्याता एवं अन्य, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर,
06. चतुर्थ दीक्षांत समारोह में उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले समस्त छात्र–छात्राओं तथा पी–एच.डी. उपाधि प्राप्त करने वाले समस्त शोधार्थी,

–को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)